>

Title: Regarding Human Rights violations in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। पहले मैं कहीं चला गया था, इसलिए मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से सदन में बहुत महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहूंगा। यहां पर दो मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और जल संसाधन मंत्री जी बैठे हुए हैं। …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपनी बात शुरू कीजिए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, पूरे देश में मानवाधिकार का जबरदस्त उल्लंघन हो रहा है। अभी भागलपुर की घटना आपने टी.वी. में देखी होगी कि एक पुलिस वाला किस तरह से मुजरिम को बांध कर बर्बरता पूर्वक ले जा रहा है। यही नहीं, जेलों में आज जो कैदी मर रहे हैं, उनकी भी कोई जांच नहीं हो रही है। इसके अलावा आपने टी.वी. के माध्यम से देखा होगा कि कहीं कुछ भी होता है, जो बेचारे शांतिपूर्ण तरीके से अपना धरना-प्रदर्शन करते हैं, उन पर भी पुलिस द्वारा जबरदस्त बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज होता है, जो निंदनीय है। हमारा कहना है कि आज मानवाधिकार का खुल्लमखुला उल्लंघन हो रहा है।

अभी हमारे रेल मंत्री जी का बयान भागलपुर की घटना के संबंध में आया है। उन्होंने साफ कहा है कि इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है इसलिए इसकी नैतिक जिम्मेदारी राज्य सरकार ले। अगर वह नहीं लेती, तो कम से कम मुख्यमत्री को इस्तीफा देना चाहिए। मैं यह नहीं कहता कि मुख्य मंत्री इस्तीफा दे या यह स्टेट का मैटर है, लेकिन थानों में जब पुलिस मुजरिम को पकड़ कर ले जाती है, तो वहां उसकी पिटाई होती है जिसके कारण वह मर जाता है। …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप क्या चाहते हैं?

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, लॉ में भी ऐसा नहीं है कि किसी भी मुजरिम को या किसी भी व्यक्ति को आप इतनी बर्बरतापूर्वक मारें। उसके लिए अलग से कानून बना है जिसमें आप उसे सजा दे सकते हैं। मैं चाहता हूं कि यह मामला बहुत गंभीर है। टी.वी. में यह मामला लगातार दिखाया जा रहा है। इसमें मानवाधिकार का खुला उल्लंघन हो रहा है इसलिए तत्काल केन्द्र सरकार पहल करके दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय : देवव्रत जी, आपके दो सबमिशन्स हैं। आप केवल एक मैटर पर ही बोल सकते हैं। आप किस मैटर पर बोलना चाहेंगे?